>

Title: Regarding shifting of some tigers from Ranthambhor Tiger Reserve to Mukundra Tiger Reserve in Kota Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : अध्यक्ष जी, रणथम्भौर बाघ परियोजना के अंदर बाघों की संख्या बहुत अधिक हो गई है। कोटा राजस्थान में मुकुंदरा हिल टाइगर प्रोजेक्ट, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है, राजस्थान के कोटा के अंदर बहुत लम्बा क्षेत्र वन्य जीवों के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार ने उसे बनाया है और वहां अभी भी बड़ी संख्या में वन्य जीव रहते हैं। मेरा सरकार से आग्रह है कि देश में जिन-जिन क्षेत्रों में बाघों की अधिक संख्या हो गई है, कोटा के मुकुंदरा हिल टाइगर प्रोजेक्ट के अंदर उन बाघों को शिफ्ट किया जाए, ताकि राजस्थान का कोटा क्षेत्र पर्यटन क्षेत्र की दृष्टि से विकसित हो सके।

माननीय अध्यक्ष जी, यह हम सबके लिए चिंता का विषय है कि बाघों का एरिया छोटा पड़ने के कारण रोज बाघ आबादी वाले क्षेत्र में चले जाते हैं जिससे गंभीर घटना होने की चिंता रहती है। इसलिए ऐसे तमाम क्षेत्रों को जिन क्षेत्रों के अंदर बाघों की संख्या अधिक हो गई है और जिनकी शिफ्टिंग की जा सकती है, उसके लिए केन्द्र सरकार को एक योजना बनानी चाहिए जिससे बाघों के कारण होने वाली घटनाओं को रोका जा सके।